# मनोज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुई क्षेत्र पंचायत पचपेड़वा की बैठक

## मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह थे

मोहमद रईस

**पचपेड़वा (बलरामपुर):** क्षेत्र पंचायत पचपेड़वा की बैठक विकासखंड परिसर में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख मनोज कुमार तिवारी ने किया। बैठक प्रारंभ होते ही ब्लॉक प्रमुख मनोज तिवारी ने सदन को क्षेत्र में किए गए कार्यों सेअवगत कराया जिसमें कार्रवाई की पुष्टि की गई तथा कराए गए कार्यों को बिंदुवार पढ़कर सुनाया गया।

लंबित कार्यों को शीघ्रता से करने का निर्णय लिया गया जिसमें नगर पंचायत सीमा से सटे ग्राम पंचायत मोती नगर में सीसी रोड,बौद्ध विहार और सुरक्षा दीवार आदि कार्यों को शीघ्र शुरू करने का आश्वासन दिया गया। समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य वा ग्राम प्रधानों ने अपने अपने गांव में विकास संबंधी लगभग 77 प्रस्ताव दिए जिसमे प्रत्येक गांव से 10 लाख की सीमा तक का कार्य करवाने की बात हुई। बैठक में बताया गया कि राज्य वित्त आयोग 15वित्त आयोग की धन राशि में राज्य वित्त आयोग से 178 39605 रुपए का धन खर्च हुआ जबकि 15वां वित्त आयोग से 9719829 धन खर्च हुआ। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने सदन को बताया की समस्त बीडीसी व



प्रधान दस लाख रुपए तक की एक-एक परियोजना तत्काल ब्लॉक प्रमुख को उपलब्ध करवा दे। जिससे कार्य शीघ्रता से शुरू हो जाए वहीं सरकार द्वारा संचालित समस्त योजना के बारे में लोगों को जानकारी दिया।

बैठक के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य व लोकसभा श्रावस्ती के प्रत्याशी साकेत मिश्रा ने कहा कि आप लोग मेरे साथ जुड़िए मुझे 9 महीने विधायक बने हुआ है 9 माह में जितना हो सका है मैंने विकास किया है।मुझे आप लोग लोकसभा से संसद तक भेजिए उसके बाद क्षेत्र की विकास की रफ्तार शीघ्र बढ़ेगी वही महिलाओं से उन्होंने आग्रह करते हुए कहां आप लोग मेरा साथ दें मुझ पर विश्वास रखें ।मैं वादा करता हूं आप



लोगों का विश्वास हमेशा कायम रखूंगा।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पचपेड़वा मनोज तिवारी ने आए हुए ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्यों से मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कराकर परिचय भी कराया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह, एडीओ पंचायत संजीव कैराती,ब्लॉक प्रमुख शक्ति सिंह ,नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष गैंसडी प्रिंस वर्मा, सदस्य जिला पंचायत नवीन विक्रम सिंह, वृजेन्द्र चौधरी,गुड्डू चौधरी, सुनील त्रिपाठी, नंद कुमार पांडे, सुनील, प्रधान रोहित कशोधन, विजयपाल मौर्या, मोनू पांडे, रकीब खान, सहित लोग मौजूद थे।

# धर्म नगरी में भीषण हादसा एक की मौत पाँच घायल

**अयोध्या:** सरकार के बार बार निर्देश के बाद भी प्रशासन की लापरवाही आयी सामने हाईवे पर ई-रिक्शा को प्रतिबंधित किया गया है। उसके बाद भी ई रिक्सा चालक प्रशासन के निर्देशों को धता बताते हुए बेखौफ होकर हाईवे पर ई रिक्शा फर्राटा भर रहे हैं। बताते चलें कि अयोध्या कोतवाली क्षेत्र राम नगरी में हाईवे पर रघुकुल रेस्टोरेंट के पास तेज रफ्तार ट्रक ने ई रिक्सा को टक्कर मार दिया। जिससे इसमें सवार एक युवक की मौत हो गयी तथा पाँच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया जहाँ पर हालत गम्भीर देखते हुए डॉक्टरों ने दर्शननगर स्थित ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गयी शेष घायलों का इलाज चल रहा है।

# लाखों की लागत से बना पंचायत भवन बना शो पीस

## लाख प्रयास के बाद भी नहीं खुल रहा पंचायत भवन लटक रहा ताला

तेजयुग न्यूज़

**मिल्कीपुर/अयोध्या:** विकासखंड अमानीगंज में लाखों रुपए से बने पंचायत भवन पर पंचायत सहायक की मौजूदगी न होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अमानीगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत नंदौली में लाखों रुपए से बना पंचायत भवन पर ताला लटक रहा है ग्रामीणों का कहना है कि जब से पंचायत भवन बनकर तैयार हुआ है। आज तक पंचायत भवन नहीं खुला। सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों को आय, निवास, जाति, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिला व तहसील मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े।

गांव में ही उन्हें प्रमाण पत्र उपलब्ध हो जाए, इसकी व्यवस्था प्रत्येक गांव के पंचायत सचिवालय में की गई है। कई पंचायत सचिवालयों में




कंप्यूटर आदि की व्यवस्था न होने के कारण गांव में ही आय जाति व निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य अभिलेख तैयार करने का सरकारी दावा हवा हवाई साबित हो रहा है। यही नहीं अधिकांश पंचायत भवन में बिजली व इंटरनेट का कनेक्शन भी नहीं है जैसे की नंदौली, धरौली, भखौली, भवन नगर, पूरे लाल खॉ मिश्रौली, व अन्य पंचायत भवन में भी ग्रामीणों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। इन पंचायत सचिवालयों में ई-गवर्नेंस सहित अन्य सुविधाएं मिलने की बात तो दूर ग्राम प्रधान व सचिव बैठक करना भी मुनासिब नहीं समझते हैं। जब इस संबंध में एडीओ पंचायत अमानीगंज से बात की गई तो चेक करवाने कि बात की और टाल मटोल करते नजर आए।

# स्नान करते तीन युवक नदी में डूबे सभी की मौत

तेजयुग न्यूज़

**अयोध्या:** भगवान श्री राम लला का दर्शन करने कानपुर आये तीन युवक स्नान करते समय सरयू नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गयी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सभी युवक शमशान घाट की तरफ सरयू नदी में स्नान कर रहे थे इसी बीच एक युवक गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगा साथ आये लोगो ने बचाव का करने के लिए दौड़े लेकिन नदी में पानी गहरा होने से सभी लोग डूब गए। डूबे सभी युवकों का शव जल पुलिस व स्थानीय नाविकों की मदद से निकाला



गया। जानकारी के अनुसार कानपुर से रामलला का दर्शन करने के लिए 6 दोस्तों के साथ अयोध्या आये थे जिसमें से प्रियांशु सिंह, हर्षित अवस्थी, व रवि मिश्रा दर्शन करने से पहले सरयू नदी में स्नान करने के लिए शमशान घाट की तरफ चले गये जहाँ पर स्नान के दौरान एक युवक का पैर फिसल गया और गहरे पानी में चला गया। जिसे डूबता देखकर साथ आये युवक बचाने के लिए दौड़े पानी अधिक होने से सभी लोग डूब गये। डूबने की सूचना मिलते ही जल पुलिस व स्थानीय नाविको ने मौके पर पहुँचकर तलाश कर नदी से तीनों युवकों का शव निकाला गया। परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# थाना सिंभावली पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने वाली फैट्री का किया पर्दाफाश

जाबिर अली

**हापुड़ :** थाना सिंभावली प्रभारी धर्मेंद्र सिंह और उनकी टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है आपको बता दें कि जनपद में अपराध की रोकथाम के लिए चलाई जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत थाना सिंभावली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहां थाना सिम्भावली पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे/निशानदेही पर 05 अवैध तमन्चे, एक रिवाल्वर, 02 पौनिया, 02 अधबनी बंदूक (कुल-10 अवैध असलहा) व 10 जिन्दा कारतूस बरामद किए है।

वहीं गिरफ्तार अभियुक्त अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अवैध शस्त्रों को बनाकर, डिमाण्ड आने पर अपराधी किस्म के लोगों को सप्लाई करता था। और अच्छा खासा मुनाफा कमाता था। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त प्रत्येक अवैध तमंचे को 5-7 हजार रूपये, रिवाल्वर को 30-35 हजार रुपये, पौनिया को 15-20 हजार रुपये व बंदूक को 10-12 हजार रुपये में बेचकर आर्थिक लाभ कमाता था। साथ ही आपको बता दें कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का



अपराधी है, जिसके विरुद्ध थाना सिम्भावली पर हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट आदि से सम्बन्धित करीब आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं ।

# हाफिजपुर इलाके में सिपाही ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

तेजयुग न्यूज़

**हापुड़ :** उत्तर प्रदेश के हापुड़ के हाफिजपुर इलाके में एक सिपाही ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सिपाही दो दिन पहले ही छुट्टी लेकर घर आया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या करने की वजह का खुलासा नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार, हाफिजपुर थाना इलाके के गांव चितौली में देर रात सिपाही ने कमरे में देशी पिस्टल से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गृहक्लेश के चलते आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक सिपाही वर्तमान में मुज्जफरनगर पुलिस लाइन में तैनात था। सिपाही दो दिन पहले ही छुट्टी लेकर गांव आया था। पुलिस और फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुटी। गांव चितौली के साधारण किसान नरेश पाल सिंह का पुत्र जोनी बाना (28) वर्ष 2019 में यूपी पुलिस में भर्ती हुआ था।

रविवार की रात वह अपनी पत्नी शिवानी और चार वर्षीय पुत्र शौर्य के साथ एक कमरे में सो गया था। देर रात घर के दूसरे कमरे से गाली चलने की आवाज पर उसकी पत्नी शिवानी की नींद खुल गई, जब वह पति को ढूंढते हुए दूसरे कमरे में पहुंची तो वहां पति का शव खून से लथपथ मिला। मौके पर एक देशी पिस्टल भी पड़ी थी। गांव में चर्चा है कि सोमवार की सुबह उसके परिजन मृतक जोनी को लेकर मुज्जफरनगर पुलिस लाइन भी पहुंचे थे। इसके बाद वह जोनी को लेकर गांव पहुंचे। स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना मुज्जफरनगर पुलिस के माध्यम से मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुटी है। थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मुज्जफरनगर पुलिस के माध्यम से सिपाही जोनी बाना द्वारा आत्महत्या करने की जानकारी उन्हें मिली है। सूचना पुलिस और फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# कार्यकर्ता समेलन में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने दिया कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र

जाबिर अली

**हापुड़ :** जैसे ही 2024 लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के नाम सभी राजनीतिक दलों ने आम जनमानस से साझा कर लिए हैं। तो वहीं जनता जनार्दन के बीच अपनी छवि को सुधारने के लिए लगातार लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी जनसंपर्क करने में जुट गए हैं। इसी के चलते अमरोहा लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर पर भाजपा ने अपना दाब आजमाया है।

जिसके चलते हुए कंवर सिंह तंवर ने जनसंपर्क साधना शुरू कर दिया है। जनसंपर्क मजबूती के साथ हो सके इसके लिए अपने कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने आज एक कार्यक्रम में शिरकत की जहां पर अपने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कंवर सिंह तंवर ने अपनी पार्टी के द्वारा किए गए एक विशेष कार्य को जनता जनार्दन से



साझा किया।

यह बात भली-भांति हम सभी जानते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के पास में सबसे बड़ा मुद्दा इस समय पर राम मंदिर है क्योंकि अभी कुछ ही दिन बीते हैं राम मंदिर का उद्घाटन हुए तो अब ऐसे में जब चुनाव आ गया है तो क्यों ना रामलाल के दर्शन करवाए जाएं। इसी के चलते भाजपा के लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने रामलाल के दर्शन के लिए दो गाड़ियां रोजाना अयोध्या जाने के लिए तैयार कर दी हैं ताकि आम आम जनमानस फ्री में रामलला के दर्शन कर सके। साथी ही कंवर सिंह तवर ने यह भी कहा है कि यदि जनता मुझे अपना प्यार देती है तो मैं आने वाले समय में जनता के विश्वास को टूटने नहीं दूंगा जिस विश्वास के साथ वह मुझे जीत हासिल करेंगे मैं उनके सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़ा मिलूंगा वहीं अब देखने वाली बात यह दिलचस्प होगी कि अब जैसे चुनावी माहौल है सभी राजनीतिक दल अपने-अपने धुरंधरों पर दाव खेल रहे हैं तो इसमें भाजपा के अमरोहा लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी जनता जनार्दन को रिझाने में कितने कारगर साबित होंगे।

# सेक्टर-22 में गुरुकरण सिंह और परमवीर सिंह ने वेट लिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल



सुनील कुमार पांडेय

**चंडीगढ़ :** आज चंडीगढ़ सेक्टर 22 में पवन कुमार बंसल और एच एस लक्की कांग्रेस कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए और हाल ही में वेटलिफ्टिंग में देश के लिए मेडल लेकर आए गुरकरण सिंह और परमवीर सिंह को सम्मानित किया और आशीर्वाद दिया कि भविष्य में भी चंडीगढ़ समेत पूरे देश का नाम रोशन करें।

**पवन कुमार बंसल ने किया सम्मानित, पूरे देश का नाम किया रोशन**

इस मौके पर पवन कुमार बंसल और एच एस लक्की ने वार्ड 17 के सेक्टर 22 और 23 के कार्यकर्ताओं का हाल जाना और उनसे रूबरू हुए। इस मौके पर युवाओं ने अपने विचार रखते हुए बड़ रही बेरोजगारी और बहुत कुछ पढ़ लिख लेने के बाद भी खाली हाथ रहने का दर्द सुनाया दूसरी तरफ खिलाड़ियों ने सेक्टर 22- 23 में जिम बनाने समेत कई मांगों पर चर्चा की। कर्मचारियों ने भी अपनी मांगों के बारे में विस्तार से बताया।

पवन कुमार बंसल ,एच एस लक्की और नसीब जाखड़ ने सारी मांगों पर विचार विमर्श कर आश्वासन दिया की अगर कांग्रेस सरकार बनी तो वार्ड 17 के सभी समस्याओं का हल निकाला जाएगा। कांग्रेस प्रवक्ता व चंडीगढ़ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष नसीब जाखड़ ने भी लोकसभा चुनाव में कोंग्रेस को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं से कमर कसने की अपील की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रवि ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष अमरदीप सिंह, अनवर उल हक, मनु दुबे, विक्रम चोपड़ा, बलराज सिंह, अजय जोसी आदि नेताओ ने अपने विचार रखे।

# ठेला चालक को बाइक सवार ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**सादुल्लाहनगर (बलरामपुर) :** ठेला चालक को बाइक सवार ने मारी जोरदार टक्कर ,ठेला चालक गम्भीर रुप से घायल इलाज के दौरान हुई मौत। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर ग्रामीणों के समक्ष पंचायत नामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौकिया ताहिर के मजरा (माधौ लौकिया) निवासी कनिक राम यादव पुत्र राम प्रसाद यादव उम्र लगभग 45 वर्ष बीते शनिवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के मददौ घाट बाजार में ठेला लेकर मूंगफली, पेठा,व गुड बेचने गया था। बाजार से वापस घर को लौटते समय शाम लगभग 6.30 बजे सादुल्लानगर मनकापुर मार्ग पर स्थित अहरौली ईदगाह के पास पहुंचते ही मनकापुर की तरफ से तेज रफ्तार अनियंत्रित बाईक सवार ने जोर दार ठोकर मार दी जिससे ठेला चालक कनिक राम यादव गम्भीर रुप से घायल हो गया।

## क्रैचों को आंगनवाड़ी में मर्ज कर क्रेच कर्मियों का वेतन घटाकर आधा करने का मामला

# बाल भवन सैक्टर 23 भूख हड़ताल शुरू

सुनील कुमार पांडेय

**चंडीगढ़ :** क्रैचों को आंगनवाड़ी में मर्ज कर क्रैच कर्मियों का वेतन घटाकर आधा करने, उस पर भी वेतन का भुगतान न करने तथा मिल रहे वेतन को प्रोटेक्ट करने व बाल सेविकाओं व सहायिकाओं को अन्य कर्मिचारियों की तर्ज पर सरकारी व अर्द्ध सरकारी विभागों में समाहित करने की माँग को हमको कर्मचारियों ने आज 11 मार्च 2024 को 10:00 बजे से बाल भवन सेक्टर 23 के सामने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। आज भूख हड़ताल में सुनीता शर्मा, लखविंदर कौर, संगीता नेगी, निशा देवी, मधु रानी व राजरानी बैठे । इससे पहले 7 मार्च को महिला दिवस को शोषण विरोधी दिवस के तौर पर मनाया गया। फैड्रेशन ऑफ यूटी इम्पलाईज एण्ड वर्करज चण्डीगढ़ की उप प्रधान रेखा शर्मा ने कर्मचरियों को हार डाल कर भूख हड़ताल में बैठाया।तथा शाम को



यूनियन की उप प्रधान रेखा गोरा ने जूस पिला कर उठाया।कल सुबह अन्य 6 कर्मचारी बैठेंगे।

इस मौके पर फेडरेशन आफ यू टी इंप्लाईज एन्ड वर्कर चंडीगढ़ के महासचिव गोपाल दत्त जोशी ,प्रधान रघुवीर चंद ,वरिष्ठ उप प्रधान राजेंद्र कटोच, संयुक्त सचिव बिहारी लाल फैडरेशन की उप प्रधान व कामकाजी महिला समिति की प्रधान रेखा शर्मा अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ की कार्यकारिणी मेंबर रेखा गोरा, वाटर सप्लाई के प्रधान हरपाल सिंह भी उपस्थित थे । इस मौके पर की गई रैली को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने इस बात पर चिंता जताई कि केन्द्र सरकार की नीतियों की बात करके चण्डीगढ़ प्रशासन ने 1962 से भारतीय बाल-कल्याण परिषद के अधीन चल रहे क्रैचों को आँगनवाड़ी में मर्ज कर यूटी कर्मियों के बराबर पूर्णकालिक काम कर रहे वेतनमान तथा डी सी रेट ले रहे कर्मियों का वेतन आधे से भी ज्यादा घटाकर उनको आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं के बराबर मानदेय में लाकर खड़ा कर दिया। कर्मचारियों का वेतन मनमर्जी तथ दनसे कोई कन्सैंट लिये बिना ही घटा दिया गया।

**18 मार्च को सभी विभागों में हड़ताल करने तथा गर्वनर हाऊस तक मार्च करने का किया ऐलान**

क्रैचों में आंगनवाडी के बोर्ड लगाये गये। काउन्सिल की करोड़ों रूपये की प्रोपर्टी समाज कल्याण विभाग के हवाले कर दी गई तथा फिक्स व बचत खाते में पड़े 8 करोड़ से अधिक पैसों को भी इधर-उधर करने की कोशिश की जा रही है तथा क्रैच कर्मियों को घटाया गया। जनवरी महिने का वेतन भी अभी तक नहीं दिया गया। फैड्रेशन की मीटिंग में इस बात पर भी रोष व्यक्त किया गया कि भारत सरकार की नीतियों की आड़ लेकर कर्मचारियों का वेतन घटाकर आधे से भी कम करना कौन सी नीति है। क्रैच कर्मचारी लगातार उन्हें अन्य विभागों में भेजने व वेतन बरकरार रखने की माँगों को लेकर संघर्ष व रैलियां तथा प्रर्दशन कर रहे हैं तथा प्रशासक महोदय, प्रशासक के नवनियुक्त सलाहकार गृहसचिव तथ सचिव समाज कल्याण विभाग व निदेशक समाज कल्याण विभाग को दर्जनों ज्ञापन दिये गये लेकिन कर्मचारियों की समस्या हल करने की बजाय सम्बन्धित अधिकारी प्रशासक महोदय व प्रशासक के सलाहकार को भी गलत तथ्य पेशकर समस्या को और पेचीदा कर रहे हैं। माँगो पर प्रशासन का रवैया नकारात्मक बना है 7 मार्च को महिला शोषण विरोधी दिवस मनाया व 18 मार्च को सभी विभागों में हड़ताल करने तथा गर्वनर हाऊस तक मार्च करने का ऐलान किया जाएगा। जिसका सभी सबंधित अधिकारियों को नोटिस भेज दिया है तथा सभी विभागों में मीटिंगों का दौर शुरू कर दिया है।

# सरकार किसानों से बातचीत करके निकाले हल, नहीं तो किसान करेंगे दिल्ली कूच : हाबड़ी

कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** किसान भवन पूंडरी में संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता भूराराम पबनावा ने की। इस दौरान किसानों की समस्याओं के बारे में विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में मुख्य तौर पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सलाहकार सरदार अजीत सिंह हाबड़ी ने भाग लिया। किसानों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जो किसान आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए हैं, उन सब को जल्दी रिहा किया जाए। किसानों की समस्या के बारे में सरकार बैठकर बातचीत करके जल्द हल निकाले, नहीं तो किसान बड़ा फैसला लेकर दिल्ली कूच करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की सभी मंडियों में गेहूं की बिक्री होनी चाहिए, जिसके लिए समय पर मंडियों में बारदाना दिया जाए और उठान साथ की साथ किया जाए। सीजन में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए।

बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि की वजह से किसानों का जो नुकसान हुआ है, उन फसलों की गिरदावरी करवाकर कम से कम 40 हजार रुपए प्रति एकड़ किसानों को मुआवजा दिया जाए। किसान नेताओं ने कहा कि जिन किसानों ने कई सालों से सिक्योरिटी भरी हुई है और लोड बढ़ाया है, उन किसानों को कनेक्शन व बड़े ट्रांसफार्मर दिए जाएं। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष बलवान पाई, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री पलाराम, करतार सिंह पाई, जगदीश पाई, बलवंत पाई, किताबा पाई, हरपाल संगरौली, राजेश पूंडरी, पृथ्वी सिंह पूंडरी, ईशम सिंह, सुल्तान पूंडरी, रामचंद्र संगरौली, सुभाष पिलनी, सुरेश बंदराणा, सुभाष बंदराणा, रामकुमार फतेहपुर व काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

